सप्तदश बिहार विधान सभा

अष्टम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–04 **वृहस्पतिवार, दिनांक–02 मार्च, 2023 ई०।**

माननीय अध्यक्ष श्री अवध विहारी चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक।

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही आसन से घोषणा की गयी कि बैठक समाप्ति के तुरंत बाद अध्यक्षीय कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी।

प्रश्नोत्तर काल प्रारम्भ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों को अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया।

[1] प्रश्नकाल :–

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।
(ii) 21 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(iii) तारांकित प्रश्न संख्या–389 पंचायती राज विभाग में स्थानान्तरित।
(iv) तारांकित प्रश्न संख्या–391 जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित।
(v) 23 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
(vi) 129 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–370 के निस्तारण के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गये।

[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–

माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री विजय कुमार खेमका, श्री जय प्रकाश यादव, श्री संजय सरावगी, श्री लखेन्द्र कुमार रौशन एवं श्री जनक सिंह द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

[3] शून्यकाल :–

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

(i) श्री इजहारूल हुसैन
(ii) श्री महा नंद सिंह
(iii) श्रीमती मंजू अग्रवाल
(iv) श्री भरत बिंद
(v) श्री गोपाल रविदास
(vi) श्री राम रतन सिंह

(vii)	श्री अरूण सिंह	(viii)	श्री ललित नारायण मंडल
(ix)	श्री संदीप सौरभ	(x)	श्री रामबली सिंह यादव
(xi)	श्री बिरेन्द्र प्रसाद गुप्ता	(xii)	श्री अखतरूल ईमान
(xiii)	श्री अमरजीत कुशवाहा	(xiv)	श्री मुकेश कुमार यादव
(xv)	श्री मो० अनजार नईमी	(xvi)	श्री अजय कुमार
(xvii)	श्री सूर्यकान्त पासवान	(xviii)	श्री अजीत कुमार सिंह
(xix)	श्री सत्यदेव राम	(xx)	श्री मनोज मंजिल
(xxi)	श्री रणविजय साहू	(xxii)	श्री विनय कुमार चौधरी
(xxiii)	श्री सुदामा प्रसाद		

[4] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ** :–

(i) माननीय सदस्य श्री रामबली सिंह यादव एवं अन्य सभासदों का सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित तथा दिनांक 28.02.2023 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग के बिहार विधान परिषद की कार्यवाही में सम्मिलित रहने के कारण दिनांक 03.03.2023 तक के लिए स्थगित हुआ।

(ii) माननीय सदस्य श्री राजेश कुमार एवं अन्य सभासदों का पंचायती राज विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री राजेश कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, पंचायती राज विभाग, श्री मो० जमा खान द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(iii) माननीय सदस्य श्री जनक सिंह का ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण की सूचना अपृष्ठ हुई।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 04:02 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

[5] **वित्तीय कार्य** :–

(i) माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 के आय–व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरण का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया।

(ii) आसन द्वारा घोषणा की गयी कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक पर सामान्य विमर्श जो कल दिनांक 03.03.2022 को भी जारी रहेगा, में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

1. श्री विजय कुमार सिन्हा, नेता विरोधी दल
2. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव, स०वि०स०
3. श्री राजेश कुमार, स०वि०स०
4. डॉ० संजीव कुमार, स०वि०स०

[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

5. श्री अजीत कुमार सिंह, स०वि०स०
6. श्री सूर्यकान्त पासवान, स०वि०स०
7. श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०

[6] **निवेदन** :–

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 39 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक–03 मार्च, 2023 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना

दिनांक–02.03.2023

पवन कुमार पाण्डेय

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना।